

एकलव्य

शायद हम में से हर किसी ने कभी न कभी यह सोचा होगा कि काश स्कूली पढ़ाई बच्चों के लिए एक बोरियत भरा बोझ न होकर जीवन भर सीखने में सक्षम बनाने वाले विविध अनुभवों का सिलसिला होता। एकलव्य पिछले तीन दशकों से इसी सपने को हर बच्चे के लिए साकार करने के प्रयास में जुटा है।

एकलव्य का गठन 1982 में एक गैर-सरकारी संस्था के रूप में हुआ था। यह शिक्षा के रास्ते सामाजिक बदलाव के उद्देश्य से काम करती है और शैक्षिक शोध और नवाचार के ज़रिए शिक्षा व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन के मॉडल विकसित करने और उन्हें बड़े पैमाने पर लागू करने के प्रयास करती है।

अपनी जननी संस्थानों - किशोर भारती, बनखेड़ी व फ्रेंड्स रूरल सेंटर, रसूलिया - से एकलव्य को होशंगाबाद विज्ञान शिक्षण कार्यक्रम के अकादमिक संचालन और विकास की ज़िम्मेदारी विरासत में मिली थी। इस काम के साथ-साथ ही एकलव्य ने माध्यमिक कक्षाओं के लिए नवाचारी सामाजिक अध्ययन शिक्षण कार्यक्रम और प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (प्राशिका) का विकास किया। शैक्षिक शोध और पाठ्यचर्या विकास की दिशा में हाल के वर्षों में एकलव्य ने राष्ट्रीय शैक्षिक शोध एवं अनुसंधान परिषद् के साथ काम किया है और बिहार, छत्तीसगढ़, राजस्थान, केरल व आंध्र प्रदेश के राज्य शैक्षिक शोध एवं अनुसंधान परिषदों के साथ काम कर रही है। एकलव्य में प्राथमिक व माध्यमिक स्तर के लिए भाषा व गणित और उच्च माध्यमिक स्तर के लिए विज्ञान व सामाजिक अध्ययन विषयों पर जारी शोध और अध्ययन से इस काम को बल मिलता है। शिक्षकों की शिक्षा एक और दायरा है जिसमें शोध, सामग्री निर्माण व शिक्षक उन्मुखीकरण कार्यशालाओं के ज़रिए एकलव्य काम करता है।

मध्य प्रदेश के पाँच ज़िलों के 110 गाँवों में पहली पीढ़ी के स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए समुदाय के साथ मिलकर एकलव्य 185 शिक्षा प्रोत्साहन केन्द्र चलाता है। ये केन्द्र इन बच्चों को ज़रूरी शैक्षिक माहौल व मदद उपलब्ध कराने के साथ-साथ क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में गुणात्मक सुधार लाने के प्रयास भी करते हैं। मध्य प्रदेश के लगभग 50 सरकारी माध्यमिक स्कूलों में बच्चों द्वारा संचालित पुस्तकालय भी चलाए जा रहे हैं।

अपने शैक्षिक सोच और अनुभवों को लोगों से साझा करने के उद्देश्य से एकलव्य तीन नियमित पत्रिकाओं और किताबों का प्रकाशन व वितरण करती है। हिन्दी व अँग्रेज़ी में प्रकाशित इस सामग्री में बाल साहित्य, गतिविधि की किताबें व चार्ट, पाठ्यचर्या से जुड़े मॉड्यूल, शैक्षिक ग्रंथ, शिक्षकों के लिए स्रोत सामग्री और शैक्षिक शोध पर आधारित रपट आदि भी शामिल हैं। पिछले वर्षों में हमने मराठी, बांग्ला और उर्दू के साथ ही बुन्देली, मालवी, गोंडी और कोरकू भाषाओं में भी बाल साहित्य का प्रकाशन किया है। हमारी कोशिश रहती है कि यह सामग्री आम पाठकों के जीवन अनुभवों और परिवेश के करीब हो और इनके दाम उनकी पहुँच में हों।

भारत भर के अन्यान्य प्रकाशकों व संस्थानों द्वारा तैयार की गई बेहतरीन बाल साहित्य और शैक्षिक सामग्री को पाठकों तक पहुँचाने के उद्देश्य से एकलव्य ने पिटारा नाम से बाल साहित्य व गतिविधि केन्द्रों की एक श्रृंखला शुरू की है।

एकलव्य के काम के इस ताने-बाने को करीब से जानने के लिए आप हमारे भोपाल, होशंगाबाद, हरदा, पिपरिया, शाहपुर, देवास, उज्जैन, या इन्दौर केन्द्रों में आ सकते हैं। और जानकारी के लिए देखें www.eklavya.in, या लिखें info@eklavya.in पर।

चित्रकथाएँ



पठनशील समाजों में किताबों के साथ दोस्ती के पहले पायदान पर मिलती हैं चित्रकथाएँ। छोटे बच्चे, जो पढ़ नहीं पाते या जो पढ़ना सीख रहे हैं, उन्हें वही किताब भाती है जिसमें बड़े और सुन्दर चित्र हों। बड़े आकार के अक्षर पढ़ना सीखने में सहायक होते हैं। इस दृष्टि से चित्रकथाएँ और चित्रकविताएँ बहुउपयोगी माध्यम हैं। शुरुआत बच्चों को चित्र दिखाकर, कहानी पढ़कर सुनाते हुए करें। धीरे-धीरे वे चित्रों से अपनी कहानी गढ़ने लगेंगे। और खुद फिर किताब पढ़ने का आनन्द भी लेने लगेंगे।

किताबों से दोस्ती की शुरुआत

नन्हों को सुनने-सुनाने के लिए खास चित्रकथाएँ। इन कहानियों के पात्र बच्चों को खूब भाते हैं। चुलबुलेपन से भरी कहानियों के चित्रों को देखकर बच्चा खुद भी कहानी गढ़ सकता है।

हाथी और बकरी की दोस्ती की दास्तान। वे दोनों मिलकर एक चिड़िया की जान बचाते हैं और फिर तीनों दोस्त बन जाते हैं। एक सरल, सरस कहानी। चित्रों में रंग भरने की छूट भी।

तीन साथी

कहानीः घनश्याम तिवारी
चित्रः सौम्या मेनन
आकारः 5.5" x 4.0"
पृष्ठ संख्याः 12



प्रकृति में जो कुछ है वह सभी का साझा है। बन्दर समझता है कि सारे आम उसके हैं। दोनों तोते समझदार हैं, वे बन्दर का दिल जीत लेते हैं।

दो तोते

कहानीः सी.एन. सुब्रह्मण्यम
चित्रः सौम्या मेनन
आकारः 5.5" x 4.0"
पृष्ठ संख्याः 6



बिल्ली के तीन बच्चे हैं, एक काला, एक भूरा और एक सफेद। वे कभी चूहे के पीछे भागते हैं तो कभी मेंढक के पीछे। हर बार ऐसा कुछ होता है कि उनका रंग बदल जाता है। एक रोचक कहानी जो अनायास ही रंगों की ओर बच्चों का ध्यान आकर्षित करती है।

बिल्ली के बच्चे

चित्र एवं कहानीः
वी. सुतेयेव

ISBN: 978-81-89976-08-8

आकारः 8.5" X 7.0"
पृष्ठ संख्याः 16

अँग्रेज़ी में भी उपलब्ध
The Three Kittens
ISBN: 978-81-89976-07-1
और बड़े आकार (11" x 17") में
ISBN: 978-81-89976-67-5

मेंढक को अपनी तैराकी पर गुमान था। उसके दोस्त चूज़ा, चूहा, चींटी और गुबरैला को तो तैरना नहीं आता था। फिर भी उन्होंने हार नहीं मानी, तरकीब लगाई और एक नाव बनाई। एक अनोखी नाव!

नाव चली

चित्र एवं कहानीः
वी. सुतेयेव

ISBN: 978-81-87171-92-8

आकारः 8.5" X 7.0"
पृष्ठ संख्याः 10

अँग्रेज़ी में भी उपलब्ध
The Boat
ISBN: 978-81-89976-29-3

हर काम अपने दोस्त की तरह करने की सहज बाल-प्रवृत्ति पर आधारित एक प्यारी चित्रकथा।

मैं भी...

चित्र एवं कहानीः
वी. सुतेयेव

ISBN: 978-81-87171-90-4

आकारः 8.5" X 7.0"
पृष्ठ संख्याः 10

अँग्रेज़ी में भी उपलब्ध
Me Too...
ISBN: 978-81-89976-93-4

दोस्ती का क्या कहना! पल में तकरार तो पल में नोक-झोंक, फिर तुरन्त ही सब भूलकर खेल में खो जाना। चंचल बिट्टू और नटखट बिट्टी की चुलबुली सी कहानी। जिसमें झलकेगा दोस्ती का यही मिज़ाज।

एक थी बिट्टी एक था बिट्टू

कहानीः पारुल बत्रा
चित्रः शिवेन्द्र पाण्डिया
ISBN: 978-81-89976-99-6
आकारः 9.5" X 7.0"
पृष्ठ संख्याः 24



छुटकी टू के हर सवाल का जवाब माँ के पास था, पर एक सवाल का जवाब खुद टू के पास ही था। छोटे बच्चे द्वारा परिवेश और खुद को जानने की कोशिश को सामने लाती है जूँ और टू। इसे चित्रों ने सजीव कर दिया है।

जूँ और टू

मराठी से हिन्दी अनुवादः
माधव केलकर
चित्रः सुजाता भागवत
ISBN: 978-93-81300-02-2
आकारः 7.76" X 8.26"
पृष्ठ संख्याः 12

अँग्रेज़ी में भी उपलब्ध
Oo & Too
ISBN: 978-93-81300-03-9
और मराठी में
ISBN: 978-93-81300-04-6



नन्हा-सा बीज किस तरह से बड़ा होता है और उसमें फूल और फल आते हैं। यह प्रक्रिया बच्चों में बड़ा कौतूहल जगाती है। उन्हें पौधों से रूबरू कराती है ये चित्रकथा। हिन्दी और अँग्रेज़ी में एक साथ होने से बच्चा दोनों ही भाषाओं से एक साथ संवाद कर पाता है।

बीज बोया

मराठी से हिन्दी अनुवादः
माधव केलकर
चित्रः श्रद्धा किरकिरे
ISBN: 978-93-81300-00-8
आकारः 8.26" X 7.76"
पृष्ठ संख्याः 16

मराठी-अँग्रेज़ी में
भी उपलब्ध
Sowing a seed
ISBN: 978-93-81300-01-5



सब जानवर सो रहे हैं... हाथी को छोड़कर। उसे हिचकी आ रही है। उसके दोस्त उसे उपाय बताते हैं। वह आज़माता है... एक के बाद एक। फिर हिचकी का क्या होता है?

हाथी की हिचकी

कहानीः जेम्स प्रेलर

अनुवादः पूर्वा वर्मा

चित्रः हैन्स विलहेम

ISBN: 978-81-7655-674-3

आकारः 6" X 9"

पृष्ठ संख्याः 32

स्कॉलास्टिक के साथ सह-प्रकाशन

पढ़ना शुरू करने के लिए 18 किताबों का सेट

चित्रकथाएँ, जिनमें बच्चों और बचपन की अलग-अलग बातों को दर्शाया गया है। इन चित्रकथाओं में नई चीज़ों को पाने की इच्छा, खेल का मज़ा, भाई-बहनों के बीच का रिश्ता, आसपास की दुनिया को देखना... सभी कुछ है। एक-एक लाइन की कहानियाँ, जिन्हें बच्चे सुनकर और पढ़कर दोनों ही तरीकों से मज़ा लेंगे। साथ ही बोलते हुए चित्र बच्चों को अपनी खुद की नई कहानियाँ गढ़ने के लिए प्रेरित करेंगे। हिन्दी व अँग्रेज़ी की ये द्विभाषी किताबें दोनों भाषा से परिचय कराएँगी।

18 किताबों के इस सेट को भाषा और अवधारणा के स्तर पर तीन खण्डों में बाँटा गया है। लिपि से अपरिचित बच्चों से लेकर लिपि से वाकिफ बच्चे और बच्चों में रुचि रखने वाले बड़े – सभी इनका आनन्द ले पाएँगे।

कहानीः अरुणा ठक्कर

चित्रः राव बेल

आकारः 5.2" X 5.5"

पहले स्तर की पीली पुस्तिकाएँ

पृष्ठ संख्या: 8

बड़े लोग

Big Folk

ISBN: 978-93-81300-13-8

दरवाज़ा खोलना

Opening the door

ISBN: 978-93-81300-15-2



मुन्नी दीवार पर चढ़ गई

Munni climbed up the wall

ISBN: 978-93-81300-16-9

छोटा

Small

ISBN: 978-93-81300-14-5

मैं पतंग उड़ाता हूँ

I fly a kite

ISBN: 978-93-81300-17-6



केले का ठेला

The Banana cart

ISBN: 978-93-81300-18-3

दूसरे स्तर की नीली पुस्तिकाएँ

पृष्ठ संख्या: 12



अम्मा की साड़ी
Amma's sari
ISBN: 978-93-81300-30-5



बस
Bus
ISBN: 978-93-81300-26-8



तेज़ भागना
Going fast
ISBN: 978-93-81300-24-4



बाबा मुझे...
Baba, I...
ISBN: 978-93-81300-27-5



मुन्ना
Munna
ISBN: 978-93-81300-25-1



साबुन
Soap
ISBN: 978-93-81300-28-2

पुलिसवाला
Policeman
ISBN: 978-93-81300-29-9

तीसरे स्तर की गुलाबी पुस्तिकाएँ

पृष्ठ संख्या: 16



ट्रेन

Train

ISBN: 978-93-81300-19-0



पेपर

Newspaper

ISBN: 978-93-81300-22-0

गेंद डाल

Bowl

ISBN: 978-93-81300-21-3

रोटियाँ

Rotis

ISBN: 978-93-81300-20-6

झूले पर

On the Giant Wheel

ISBN: 978-93-81300-23-7



प्रणव को स्कूल जाना है। वह अपने हाथी, बन्दर और बाकी खिलौनों को भी साथ ले जाना चाहता है। घर की परिचित और सुरक्षित दुनिया से बाहर पहला कदम रखने की जद्दोजहद की कहानी। किताब के आखिरी पन्नों में आप कहानी अँग्रेज़ी में भी पढ़ सकते हैं।

प्रणव स्कूल कैसे गया

कहानीः नन्दिनी नायर
अँग्रेज़ी से अनुवादः
शिवनारायण गौर
चित्रः दिलीप चिंचालकर
ISBN: 978-81-89976-53-8
आकारः 8.5" X 7"
पृष्ठ संख्याः 12

अँग्रेज़ी में भी उपलब्ध
How Pranav Went to School?
ISBN: 978-81-89976-52-1

प्रणव पहुँच गया है स्कूल। कक्षा में बहुत सारे बच्चे हैं। उनमें से कुछ रो रहे हैं और कुछ सहमे हैं। ये प्रणव के लिए एकदम नया है। क्या महसूस किया प्रणव ने पहले दिन? क्या वो भी रोने लगा?

स्कूल में प्रणव का पहला दिन

कहानीः नन्दिनी नायर
अनुवादः शिवनारायण गौर
चित्रः दिलीप चिंचालकर
ISBN: 978-81-89976-86-6
आकारः 8.5" X 7"
पृष्ठ संख्याः 12

अँग्रेज़ी में भी उपलब्ध
Pranav's first day at school
ISBN: 978-81-89976-87-3



मेंढक को भूख लगी है। उसे कुछ खाने को चाहिए। एक मक्खी उड़ती हुई आती है। उसके पास आकर गुनगुनाती है। और फिर....

मेंढक का नाश्ता

कहानीः डी. लिल्लेगार्ड
अनुवादः अरुंधती देवस्थले
चित्रः जैरी ज़िम्मरमैन
ISBN: 978-81-7655-981-4
आकारः 7.25" X 9.5"
पृष्ठ संख्याः 16
स्कॉलास्टिक के साथ सह-प्रकाशन

नन्हे पाठकों के लिए

किताबों की रंग-रंगीली दुनिया में नन्हें पाठकों का स्वागत है। ये किताबें उन नन्हे-नन्हियों के लिए हैं, जिन्होंने पढ़ना सीख लिया है। वे खुद पढ़कर इन छोटी और मज़ेदार चित्रकथाओं का आनन्द ले सकते हैं। बड़े अक्षरों, छोटे वाक्यों और सुन्दर चित्रों से सजी किताबें...

चाँद सबको प्यारा लगता है। हलीम जानना चाहता था कि चाँद पर क्या कुछ है। पढ़िए हलीम के चाँद पर जाने की रोचक कथा।

हलीम चला चाँद पर

कहानीः सी.एन. सुब्रह्मण्यम
चित्रः प्रिया कुरियन
आकारः 5.5" X 4.0"
पृष्ठ संख्याः 12

चूहे को भूख लगी है। वह खाने के लिए कुछ तलाश कर रहा है... उसे मिलती है एक पेंसिल। चूहा उसे कुतरना चाहता है, मगर पेंसिल चाहती है... बचकर भाग निकलना। पढ़िए वह क्या करती है....

चूहे को मिली पेंसिल

कहानी एवं चित्रः
वी. सुतेयेव
ISBN: 978-81-89976-08-8
आकारः 8.5" X 7"
पृष्ठ संख्याः 12

अँग्रेज़ी में उपलब्ध
The Mouse and the Pencil
ISBN: 978-81-89976-23-1

मुर्गी माँ यह देखकर हैरान है कि बिल्ली उसके नन्हे चूज़े के साथ क्या कर रही है? कहीं खा तो नहीं जाएगी?
मगर चूज़ा अपनी नई दोस्त के साथ खेलने में मस्त है। एक मज़ेदार कहानी और कोलाज शैली के जीवन्त चित्र।

नन्हे चूज़े की दोस्त...

कहानीः रावेन्द्र कुमार 'रवि'
कोलाज एवं सज्जाः कनक
ISBN: 978-81-87171-55-3
आकारः 11.0" X 8.25"
पृष्ठ संख्याः 12



लाइन चलती है, बढ़ती है, घूमती है, चक्कर खाती है, घेरा बनाती है, ऊपर चढ़ती है, नीचे उतरती है.... और भी बहुत कुछ करती है। और इस सबके साथ तरह-तरह के आकार रूप लेने लगते हैं। सम्भावनाओं के द्वार खोलती एक रोचक किताब, जो कहानी भी है और गतिविधि भी।

मैंने एक लाइन बनाई

कहानी व चित्रः लियोनार्ड केसलर
अनुवाद : तेजी ग्रोवर
ISBN: 978-81-87171-74-4
आकारः 5.5" X 8.5"
पृष्ठ संख्याः 60

अँग्रेज़ी में भी उपलब्ध
I made a Line
ISBN: 978-81-87171-76-8

ऊपर वाले कमरे से मुर्गी का अण्डा लुढ़ककर सीढ़ियों से नीचे आने लगा। फिर वो लुढ़कता गया, लुढ़कता गया और लुढ़कता ही गया। उसकी खोज में मुर्गी पीछे-पीछे चलती गई, चलती गई और चलती ही गई। रास्ते में उसे जो भी मिला उससे पूछा, "तुमने मेरा अण्डा तो नहीं देखा?" क्या उसे अण्डा मिला...?

तुमने मेरा अण्डा तो नहीं देखा?

चित्रः कनक
ISBN: 978-81-87171-80-5
आकारः 7" X 9.5"
पृष्ठ संख्याः 24

रूसी ने एक चित्र बनाया... उसकी दोस्त पूसी के लिए एक घर। घर में क्या-क्या चाहिए... यह सब पूसी बताती जाती है... और रूसी बनाती जाती है...। मगर आखिर में पूसी नाराज़ क्यों?

रूसी और पूसी

चित्र एवं कहानीः वी. सुतेयेव
ISBN: 978-81-89976-91-0
आकारः 7" X 9.5"
पृष्ठ संख्याः 12

अँग्रेज़ी में भी उपलब्ध
Rusi and Pussy
ISBN: 978-81-89976-24-8

एक दिन नीलोफर की मुस्कान गायब हो गई। उसने हर जगह तलाश की पर मुस्कान कहीं न मिली। फिर नीलोफर ने क्या किया? कैसे लौटी नीलोफर की मुस्कान?

नीलोफर की मुस्कान

कहानीः अक़रम ग़ासेमपोर
अनुवादः शशि सबलोक
चित्रः नसीम आज़ादी
ISBN: 978-81-906971-7-0
आकारः 7" X 9.5"
पृष्ठ संख्याः 24



ठण्ड से बचने के लिए शेर का बच्चा गोल-मटोल बन जामुन के पेड़ के नीचे सो रहा था। मगर भालू ने उसे फुटबॉल समझा। पहले थोड़ा खेल हुआ और फिर मुसीबत! अत्यन्त दिलचस्प कथा। कमाल के एक्शन-चित्र।

भालू ने खेली फुटबॉल

कहानीः हरदर्शन सहगल
चित्र तथा आवरणः
रंजित बालमुचु
ISBN: 978-81-87171-28-7
आकारः 7" X 9.5"
पृष्ठ संख्याः 16



बादलों के ताने-बाने से बुनी हुई दिल को छू लेने वाली कहानी। एक दिन बादल आए, ठहर गए पर बरसे नहीं। दो छोटी लड़कियों ने बादलों से बारिश करवाने के लिए किए जतन, फिर बादल ऐसे झूमे कि उनके आश्चर्य का ठिकाना न रहा। उम्मीद जगाती इस कहानी के चित्र भी मन मोह लेते हैं।

बादलों के साथ एक दिन

कहानी एवं चित्रः हौदा हदादी
अँग्रेज़ी से अनुवादः
शिवनारायण गौर
ISBN: 978-81-906971-2-5
आकारः 7" X 9.5"
पृष्ठ संख्याः 24

नन्हा बाघा दहाड़ना चाहता है, सबको डराना चाहता है... अपनी माँ की तरह। मगर उससे कोई डरता नहीं। नन्हा बाघा है कौन...?

नन्हा बाघा

कहानी व चित्रः सुपूर्णा सिन्हा
बांग्ला से अनुवादः टुलटुल बिस्वास
कवर डिज़ाइनः राकेश खत्री
ISBN: 978-81-89976-20-0
आकारः 7.25" X 9.5"
पृष्ठ संख्याः 24

अँग्रेज़ी में भी उपलब्ध
Little Bagha
ISBN: 978-81-89976-21-7



पूरा गाँव लगता है एक बच्चे को पालने में। यह बात येमी को तब समझ में आई जब बाज़ार में वह अपने छोटे भाई को खो देने के बाद फिर पा लेती है। अद्‌भुत चित्रों से सजी एक अफ्रीकी कथा, जो दुनिया के हर गाँव की हकीकत है।

गाँव का बच्चा

कहानी व चित्रः
जेन कोवेन-फ्लैचर
अनुवादः अरुंधती देवस्थले
ISBN: 978-81-7655-907-2
आकारः 8" X 9"
पृष्ठ संख्याः 32
स्कॉलास्टिक के साथ सह-प्रकाशन

Little Bagha

...is a charming book, sure to appeal to children. A child's vivid imagination provides the basis for the events in this stage.

- Sakaal Times

पढ़ने की आदत के लिए

ये चित्रकथाएँ उन शौकीन पढ़ाकुओं के लिए हैं जो किताबों का मज़ा लूटते हुए बढ़ रहे हैं और बढ़ते हुए और पढ़ना चाहते हैं।



छुटकू पंछी घोंसले में रहते हुए ऊब गया है और देखना चाहता है दुनिया को। जानना चाहता है कि कैसे जीते हैं बाकी। उसका सामना होता है नई-नई बातों से। छोटे बच्चे के मन में दुनिया के बारे में जिस तरह का कौतूहल है छुटकू पंछी उन्हीं को तो जी रहा है।

छुटकू उड़ चला

कहानीः क्रिस्तियान मेरवाई
चित्रः एम्मा द वू
अँग्रेज़ी से अनुवादः दीपाली शुक्ला
ISBN: 978-81-7925-274-1
आकारः 7" X 9.5"
पृष्ठ संख्याः 24
ज्योत्स्ना प्रकाशन के साथ प्रकाशित

धोबी का एक गधा है, नाम है नटखट गधा। उसे नहीं पता कि सरकस क्या होता है। जानने के लिए एक दिन वह घुस जाता है सरकस के तम्बू में। फिर मचती है धमा-चौकड़ी, मगर गधे को सज़ा नहीं मिलती, मिलता है कुछ और....

नटखट गधा

मूलकथाः आचार्य विष्णुकान्त पाण्डेय
चित्रकथा रूपान्तरणः
राजेश उत्साही
चित्रः रंजित बालमुचु
ISBN: 978-81-87171-45-4
आकारः 11" X 8.25"
पृष्ठ संख्याः 16

दो भाइयों के बीच प्रेम और नफरत की कहानी। उनकी नफरत आगे चलकर एक देश को बाँटकर दो मुल्क बना देती है। मगर आखिर जीत तो प्यार की होती है। बढ़ते बच्चों के साथ युद्ध और शस्त्रों की होड़ की निरर्थकता पर संवाद करने का एक प्रयास।

चीचीबाबा के भाई

कहानीः डी. पी. सेनगुप्ता
अनुवादः अरविन्द गुप्ता
चित्रः सुमंत्र सेनगुप्ता
ISBN: 978- 81-87171-42-3
आकारः 11" X 8.25"
पृष्ठ संख्याः 32



सासौ ने बाज़ार में देखी एक लड़की!और सासौ को हो गया प्यार! वो चल पड़ा अपनी प्रेमिका को तोहफा देने। सासौ के प्रेम के कठिन सफर की खूबसूरत दास्तान है बरास्ता तरबूज़।

बरास्ता तरबूज़

कहानी व चित्रः कॉन्ताँ ग्रेबाँ

अँग्रेज़ी से अनुवादः

शिवनारायण गौर

ISBN: 978-81-7925-273-4

आकारः 8.5" X 9.5"

पृष्ठ संख्याः 24

ज्योत्स्ना प्रकाशन के साथ प्रकाशित

एक अण्डे से जुड़ते हैं कई सपने। उसमें से बतख निकलेगी या चिड़िया, ये कोई नहीं जानता। पर जो भी बाहर आए उसे सब अपनी तरह से पालेंगे ये तो तय है। दोस्तों की दोस्ती और एक छोटे बच्चे से हुए अपनेपन को चित्रों ने मधुर बना दिया है।

हमारा जॉन

कहानीः वेरॉनीक वैं दाँ अबील

अँग्रेज़ी से अनुवादः अमित

चित्रः एम्मा द वू

ISBN: 978-81-7925-275-8

आकारः 9.5" X 8.5"

पृष्ठ संख्याः 24

ज्योत्स्ना प्रकाशन के साथ प्रकाशित

एक आम भेड़िया तब्दील हो गया खूँखार भेड़िए में। कैसे हुआ? क्या किया जो बातों के दौर बढ़ते गए... और साथ ही दहशत भी। थोड़ा, बस थोड़ा बढ़ा-चढ़ाकर कही गई एक रोचक कहानी।

भेड़िए को दुष्ट क्यों कहते हैं?

कहानी व चित्रः कॉन्ताँ ग्रेबाँ

अँग्रेज़ी से अनुवादः सुमित त्रिपाठी

ISBN: 978-81-7925-272-7

आकारः 8.5" X 9.5"

पृष्ठ संख्याः 24

ज्योत्स्ना प्रकाशन के साथ प्रकाशित

झींगुर गा ना पाए!

जंगल की सुन्दरता देखने के लिए लम्बी यात्रा करके झींगुर जंगल में पहुँचा। रात घिरने पर, उसने जब साज़ थामा और गाना शुरू किया तो अलग-अलग आवाज़ों ने उसके गाने में बाधा डाली। पर अन्त में झींगुर ने मधुर सुर छेड़े और वह गाता रहा... गाता रहा।

कहानीः फरीदा खल्अतबरी
अँग्रेज़ी से अनुवादः सुमित त्रिपाठी
चित्रः अज़िता आरता
ISBN: 978-81-906971-1-8
आकारः 7" X 9.5"
पृष्ठ संख्याः 20





हर छोटी-बड़ी आहट से डर जाता था वो। तभी तो स्कूल के बच्चों ने उसे नाम दिया था, नन्हा चूहा। एक बच्चे के मन में बसे डर, उसके कारण और उससे लड़ने की उसकी कोशिश की कहानी।

अँधेरे का भूत

कहानीः फरीदा खल्अतबरी
अँग्रेज़ी से अनुवादः दीपाली शुक्ला
चित्रः नसीम आज़ादी
ISBN: 978-81-906971-0-1
आकारः 7" X 9.5"
पृष्ठ संख्याः 16

शहंशाह अकबर को कौन सिखाएगा?

अकबर सीखना चाहते हैं, ज्ञानी बनना चाहते हैं। मगर उन्हें सिखाएगा कौन? बीरबल इसका इन्तज़ाम करते हैं, मगर अपने तरीके से.../ तो, शहंशाह अकबर को कौन सिखाएगा?

एक अवेही-अबकस कथा
चित्रः दीपा बलसावर
डिज़ाइनः प्रीति राजवाड़े
अँग्रेज़ी से अनुवादः संध्या गाँधी-वकील व दीपाली शुक्ला
ISBN: 978-81-89976-79-8
आकारः 7" X 9.5"
पृष्ठ संख्याः 12

अँग्रेज़ी में भी उपलब्ध
Who will teach Emperor Akbar?
ISBN: 978-81-89976-71-2



टिंटी कहती है, "मैं तो बिल्ली हूँ!" मगर वह बिल्ली की तरह कुछ नहीं कर पाती। वह माँ की कोई बात नहीं मानती। उसे सारा दिन घर में अकेला रहना पड़ता है, खाना भी नहीं मिलता। शाम को वह फिर टिंटी बन जाती है, अपनी माँ की बेटी! एक कामकाजी बच्ची के जीवन के एक अल्हड़ दिन की झलक।

मैं तो बिल्ली हूँ!

कहानीः रिनचिन
अँग्रेज़ी से अनुवादः सुशील जोशी
चित्रः जितेन्द्र ठाकुर
ISBN: 978-81-89976-66-8
आकारः 8.5" X 7"
पृष्ठ संख्याः 20

अँग्रेज़ी में भी उपलब्ध
I am a Cat!
ISBN: 978-81-89976-65-1

छुटकी उल्ली बहुत जिज्ञासु है। वह प्रकृति के रहस्यों को जानना चाहती है.. आसमान की ऊँचाई और समुन्दर की गहराई नापना चाहती है। माँ उसे सिखाती है... खोज करना और पता लगाना।

छुटकी उल्ली

कहानीः माइक थेलर
अँग्रेज़ी से अनुवादः तेजी ग्रोवर
चित्रः कनक
ISBN: 978-81-87171-66-9
आकारः 7" X 9.5"
पृष्ठ संख्याः 12

लद्दाख के एक गाँव में घटी सच्ची कहानी। रिगज़िन की सूझबूझ से हिम-तेंदुआ कैसे बचा गाँववालों के गुस्से का शिकार बनने से, पढ़िए और जानिए।

परबत का प्रेत

कहानीः सुजाता पद्मनाभन
अँग्रेज़ी से अनुवादः टुलटुल बिस्वास
चित्र एवं डिज़ाइनः
मधुवन्ती अनन्तराजन
आवरणः जितेन्द्र ठाकुर
ISBN: 978-81-89976-85-9
आकारः 8.5" X 7"
पृष्ठ संख्याः 28

I Am a Cat!

Tinti is a delightful protagonist and may well become the hero of young readers.

- The Hitavada

बच्चे स्कूल चले गए तो सारे जानवर परेशान हैं। उनके साथ खेलने के लिए कोई नहीं है। वे चल पड़ते हैं शहर की ओर....। पहुँच जाते हैं सार्वजनिक पुस्तकालय। वे कुछ करना चाहते हैं। बारी-बारी सब अन्दर जाते हैं, मगर बात नहीं बनती। फिर क्या होता है?

किताब! किताब! किताब!

कहानीः डेबोरा ब्रुस
अनुवादः अरुंधती देवस्थले
चित्रः टिफानी बीके
ISBN: 978-81-7655-906-5
आकारः 8.5" X 9.5"
पृष्ठ संख्याः 32
स्कॉलास्टिक के साथ सह-प्रकाशन

लोककथाएँ

लोककथाओं में मिट्टी की सौंधी खुशबू और देसीपन का ठाट होता है। ये किताबें लोककथाओं की साझी विरासत को आगे बढ़ाने का प्रयास हैं। इनकी कहानियों को विभिन्न क्षेत्रों में थोड़ा-बहुत फेरबदल के साथ कहा-सुना जाता है। अतः हर क्षेत्र के पाठकों को ये अपनी-सी लगेंगी।

पेड़ क्यों सूखा? इसके जवाब की तलाश किसी पहाड़ी नदी के प्रवाह की तरह तेज़ी से मुड़ते-घुमड़ते काली चींटी तक पहुँचती है। पारम्परिक ओड़िया लोककथा हिन्दी और अँग्रेज़ी भाषा में एक साथ।

ओ हरियल पेड़...

परिकल्पनाः तेजी ग्रोवर

चित्रः रानू टाइटस

ISBN: 978-81-89976-01-9

आकारः 8.5" X 7"

पृष्ठ संख्याः 32

मन के लड्डू खाने के शौकीन पति-पत्नी गाय पालते हैं, मन ही मन। उसका दूध दुहते हैं, मन ही मन। ...और फिर बचे हुए दूध के इस्तेमाल को लेकर झगड़ने लगते हैं, सचमुच में! गोपाल भाण्ड आकर अपनी अक्ल लगाता है और उनकी अक्ल ठिकाने लगाता है। एक रोचक बांग्ला लोककथा द्विभाषी (हिन्दी और अँग्रेज़ी) चित्रकथा के रूप में।

मन के लड्डू

परिकल्पनाः तेजी ग्रोवर

चित्रः रानू टाइटस

ISBN: 978-81-89976-60-6

आकारः 8.5" X 7"

पृष्ठ संख्याः 16

गोण्डी शैली के चित्रों से सजी सुन्दर चित्रकथा के कलेवर में एक जानी-पहचानी लोककथा। खिचड़ी के स्वाद और बिरजू के भुलक्कड़पन की रोचक कहानी।

खिचड़ी...

प्रस्तुतिः जितेन्द्र कुमार
चित्रः दुर्गाबाई व्याम
ISBN: 978-81-89976-79-8
आकारः 7" X 9.5"
पृष्ठ संख्याः 12

बड़े आकार में भी उपलब्ध
(11"x17")
ISBN: 978-81-89976-02-6

एक गीत क्या कमाल कर सकता है। सोचिए...। यह बुन्देली लोककथा आपको बताएगी कि कैसे एक गीत चोरों को भगा देता है। इस किताब में कहानी ही नहीं चित्र भी गजब के हैं।

गीत का कमाल

चित्रः जितेन्द्र ठाकुर
ISBN: 978-81-906971-5-6
आकारः 8.5" X 10.5"
पृष्ठ संख्याः 36

अँग्रेज़ी में भी उपलब्ध
What a Song!
ISBN: 978-81-906971-6-3



एकलव्य के प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम समूह द्वारा संकलित, बच्चों के मुख से बच्चों को सुनाई गई प्यारी-प्यारी कहानियाँ। सुरता की मुलाकात रीछ से होती है... मुर्गा कहता है कुक्कड़ू खूँ, और बड़नक्कू-छुटनक्कू को लग जाती है छींका-छींक! साथ में और भी लुभावनी कहानियाँ।

छींका-छींक

चित्रः मानसिंह
ISBN: 978-81-89976-82-8
आकारः 7" X 9.5"
पृष्ठ संख्याः 36

कहानी सुनने में मज़ा तो आता ही है, साथ ही भाषा सीखने में भी कहानियाँ बच्चों की मदद करती हैं। इस संग्रह में मानसिंह के बनाए सुन्दर चित्रों से सजी प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम समूह द्वारा संकलित मनोरंजक कहानियाँ हैं। ऐसी कहानियाँ जो इन्हें सुनने-पढ़ने वालों को विभिन्न पात्रों में ढल जाने और काल्पनिक स्थितियों में विचरने के खूब मौके देंगी।

अक्ल बड़ी या भैंस!

चित्रः मानसिंह
ISBN: 978-81-89976-81-1
आकारः 7" X 9.5"
पृष्ठ संख्याः 28

खिचड़ी

यह किताब एक ओर मज़ेदार लोककथा के लिए पढ़ी जा सकती है तो दूसरी ओर दुर्गाबाई व्याम के चित्रों के लिए भी।

- हरिभूमि

एक देश है जवाबों का। सवाल आया नहीं कि लोग जवाब ढूँढने में जुट जाते हैं। एक दिन एक ऐसा सवाल आया कि उसने खलबली मचा दी... अप्पुकुट्टन को तौलें कैसे? फिर शुरू हुआ खोजबीन और दिमाग की आज़माइश का सिलसिला। तो क्या उसे तौल पाए?

अप्पुकुट्टन को तौलें कैसे?

कहानी व चित्रः इन्दु हरिकुमार
अँग्रेज़ी से अनुवादः शशि सबलोक
ISBN: 978-81-89976-83-5
आकारः 11" X 8.5"
पृष्ठ संख्याः 20

अँग्रेज़ी में भी उपलब्ध
How do we weigh Appukuttan?
ISBN: 978-81-89976-84-2

पहला घर कैसे बना होगा? इसकी एक कहानी कहती है यह संथाली लोककथा। हाथी से कुछ सीखा, साँप से कुछ, और मछली से कुछ सीखा... फिर बना एक घर। एक रोचक द्विभाषी (हिन्दी और अँग्रेज़ी) चित्रकथा।

पहला घर

पुनर्कथनः जेन साही
अँग्रेज़ी से अनुवादः
शिवनारायण गौर
चित्रः रानू टाइटस
ISBN: 978-81-89976-61-3
आकारः 8.5" X 7"
पृष्ठ संख्याः 16



अक्ल के दाँवपेंच, जैसे को तैसा। इन लोककथाओं में हास्य है और लोक-जीवन का दर्शन भी। बुन्देलखण्डी भाषा में कही गई इन कहानियों को उतने ही दिलकश चित्रों ने और मज़ेदार बना दिया है।

मिजबान

संकलन, पुनर्लेखन व सम्पादनः
प्रदीप चौबे, महेश बसेड़िया
चित्र एवं डिज़ाइनः अतनु राय
ISBN: 978-81-89976-48-4
आकारः 7" X 9.5"
पृष्ठ संख्याः 40

मिजबान

लोकगीतों का लोक भाषा में संकलन तो आम बात रही है, मगर लोक भाषा में लोककथाओं का संकलन बहुत कम किया गया है। ऐसे में इस किताब का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। मिजबान जैसे संकलनों का निकालना इसलिए भी ज़रूरी है ताकि लोक-साहित्य के अध्येता इस बात का पता लगाते रहें कि लोककथाएँ एक जगह से दूसरी जगह कैसे संचारित हुईं।

- हरिभूमि

कविताएँ

कविताओं में कल्पना होती है जो बच्चे को एक नई दुनिया में ले जाती है। और होती है सम्भावनाएँ - एक नई दुनिया गढ़ने के सपने देखने की। फिर तरह-तरह की ध्वनियाँ और नित नए बिम्ब बच्चों को भाषा के बहुरंगी संसार से भी जोड़ते हैं। स्कूल न जाने वाले बच्चे भी अपनी भाषा कोश को परिवेश से भरना शुरू कर देते हैं। कविताएँ इस कोश को और समृद्ध करती हैं।



तरह-तरह की ध्वनियों के उतार-चढ़ाव, लम्बे और छोटे शब्द, अलग-अलग लय। इन छोटी-छोटी कविताओं का अलग ही अन्दाज़ है। सजीव चित्रों के साथ तो ये और थिरक उठते हैं। खासकर छह साल से बड़े बच्चों की ज़ुबाँ पर।

साइकिल पर था कव्वा

कविताएँः प्रभात

चित्रः अतनु रॉय

ISBN: 978-81-89976-75-0

आकारः 7"x 9.5"

पृष्ठ संख्याः 20

कविता के माध्यम से भोपाल शहर के एक हिस्से का किस्सा बयाँ करते-करते हमारे आस-पास के पेड़-पौधों की देखभाल की ओर भी ध्यान दिला जाती है यह कविता। यह मूल रूप से चकमक में छपी थी। इसका नाटक के रूप में मंचन किया जा सकता है और इसको बतौर कहानी भी सुनाया जा सकता है।

छुटकी गिलहरी

कविताः विनय दुबे

चित्रः विवेक

ISBN: 978-81-87171-27-0

आकारः 7.75"x 10.5"

पृष्ठ संख्याः 12

कुदरत की पिटारी में रखे हर मौसम की शोखी बिखरी है इस किताब के पन्नों में। मौसम को बच्चों से रूबरू कराती विभिन्न रचनाकारों की इन कविताओं को लय में गाया जा सकता है। अलग-अलग कलाकारों के भिन्न-भिन्न शैली के चित्र आकर्षक हैं।

ऋतुओं का स्कूल

ISBN: 978-81-87171-38-6

आकार: 7.75"x 10.5"

पृष्ठ संख्या: 24

इस संग्रह में समकालीन के साथ ही विविध पारम्परिक चित्र शैलियों से सजी हिन्दी जगत् के कई परिचित रचनाकारों की लम्बी कविताएँ हैं। ये मूल रूप से चकमक में छपी थीं। आठ-नौ साल की उम्र से बड़े बच्चों को इन्हें पढ़ने, गाने और गुनने में रस आएगा। कविता पसन्द करने वाले बड़ों को भी इनका मिज़ाज भाएगा।

बाँकी बाँकी धूप

ISBN: 978-81-87171-00-3

आकार: 7.75"x 10.5"

पृष्ठ संख्या: 36



इस संग्रह में है घुमन्तू कविताएँ। घुमन्तू इसलिए कि बादल, हवा, बंजारा ये सब ठहरते नहीं, कुछ क्षण विराम लेते हैं फिर बढ़ जाते हैं आगे और आगे। इन कविताओं में झलकता है जीवन, इसके रंग और आस-उम्मीद। चित्रों ने कविताओं को जीवन्त कर दिया है।

घुमन्तुओं का डेरा

कविताएँ: प्रभात

चित्र: अतनु रॉय

ISBN: 978-81-89976-77-4

आकार: 7.75"x 10.5"

पृष्ठ संख्या: 28

नाम के अनुरूप ही गरजती-बरसती-गड़गड़ाती कविताएँ हैं इस संग्रह में। इनको पढ़ते हुए कुछ ऊटपटांग से सवाल ज़ेहन में आएँगे। हँसेंगे, सोचेंगे और इन कविताओं को गाएँगे-दोहराएँगे।

मेघ की छाया

कविताएँ: प्रभात

चित्र: अतनु रॉय

ISBN: 978-81-89976-76-7

आकार: 7.75"x 10.5"

पृष्ठ संख्या: 20

चुलबुली तुकबन्दियाँ। अद्भुत कल्पनाएँ। संक्षिप्त पर मज़ेदार कविताएँ। छोटे बच्चे इन्हें चटपट याद कर गा सकते हैं। प्राथमिक स्तर पर भाषा सीखने में मददगार।

क्यों जी बेटा रामसहाय

संकलनः तेजी ग्रोवर
चित्रः रानू टाइटस
ISBN: 978-81-87171-86-7
आकारः 8.5"x 5.5"
पृष्ठ संख्याः 40

टेसू जी की कविता में छिपे हैं कुछ सरल से सवाल। और जवाब छिपे हैं चित्रों में। नई-नई गिनती सीखने वालों के लिए कविता और खेल संग गिनती भी। जितनी बच्चों को भाएगी उतनी ही शिक्षकों और अभिभावकों को भी।

टेसू राजा बीच बज़ार

कविताः निरंकार देव सेवक
चित्रः रानू टाइटस
ISBN: 978-81-89976-12-5
आकारः 10.5"x 8.5"
पृष्ठ संख्याः 20

दो पंक्तियों की कुछ अजूबा सी पर खूबसूरत कविताएँ। इनको खिलौनों की तरह उपयोग किया जा सकता है। परिवेश को नई दृष्टि से देखने का ढंग दिखलाती ये कविताएँ ताज़गी भरी हैं।

दूध जलेबी जग्गग्गा!

संकलनः तेजी ग्रोवर
चित्रः रानू टाइटस
ISBN: 978-81-87171-84-3
आकारः 8.5"x 5.5"
पृष्ठ संख्याः 40



इन कविताओं में किस्से-कहानियाँ हैं, अनेक तरह के रंग हैं... वह सब कुछ है जो प्राथमिक स्तर के बच्चों को भाषा की दुनिया की ओर आकर्षित करता है। इन कविताओं को हावभाव के साथ गाया भी जा सकता है।

बिल्ली बोले म्याऊँ

ISBN: 978-81-87171-02-7
आकार: 6.5"x 8.25"
पृष्ठ संख्या: 36

मालवी भाषा के शब्दों के साथ बुनी गई थोड़ी-सी लम्बी कविता। एक-दूसरे से ऊँचा होने की होड़ में नाना-नानी ने किन-किन चीज़ों का सहारा नहीं लिया। नानी चढ़ी मकान पर तो नाना चढ़े पहाड़। फिर नानी ऐसी जगह चढ़ी कि नाना पा न सके पार। शब्दों की पुनरावृत्ति शब्द भण्डार को समृद्ध बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

नाना-नानी

कविता: घनश्याम तिवारी
चित्र: धनंजय
ISBN: 978-81-87171-87-4
आकार: 8.5"x 7.25"
पृष्ठ संख्या: 12

लहरों में मचलती नाव, पास आती बैलों की गाड़ी, फूलों पर मँडराती तितली, नाचती कठपुतली.... तरह-तरह की कविताएँ। जिनके सिरे जुड़े हैं ज़िन्दगी से, परिन्दों से, नटखट बचपन से।

धूप खिली है हवा चली है

कविताएँ: प्रयाग शुक्ल
चित्र: तापोसी घोषाल
ISBN: 978-81-89976-58-3
आकार: 9"x 7"
पृष्ठ संख्या: 20

हाइकू यानी जापानी शैली की छोटी कविताएँ। हाइकू वो सब कुछ है जिसे आप महसूस करते हैं। यह कोई दृश्य, मौसम की विशेष बात या आसपास के परिवेश की सामान्य घटना भी हो सकती है। इस किताब में मूल जापानी हाइकू को अँग्रेज़ी से हिन्दी में अनूदित किया गया है।

आपके जापानी हाइकू

संचयन: तेजी ग्रोवर
चित्र: रानू टाइटस
ISBN: 978-81-87171-79-9
आकार: 8.5"x 5.5"
पृष्ठ संख्या: 32



It's a winter night. The misty moonlight feels like snow. How does a street-dog fight the cold? It sings!

This simple poem book is meant for early readers and all dog lovers.

Rangy - The Mangy Dog

Anon

Illustration: Jitendra Thakur

ISBN: 978-93-81300-11-4

Dimensions: 7"x 9.5"

Pages: 12



Children learn language from familiar contexts. All the poems of this collection encourage children to play with sounds and meanings of various words in a familar and fun-filled context.

Three little monkeys

Compilations: Ruth Rastogi and Anjali Noronha

Illustration: Kanak

ISBN: 978-81-87171-98-0

Dimensions: 7"x 9.5"

Pages: 24



A collection of rhythmic poems for children above 3 years age. All the poems are simple and easy to sing and play-act. Useful for teachers as a bank of activity ideas for language teaching and learning.

Flying Man

Compilation: Ruth Rastogi and Anjali Noronha

Illustration: Kanak

ISBN: 978-81-87171-99-7

Dimensions: 7"x 9.5"

Pages: 28

बड़ों द्वारा बच्चों के लिए लिखी गई चकमक में प्रकाशित कविताएँ। इन्हें पढ़ते हुए बच्चों को ये अपनी सी लगेंगी।

नई सवारी

ISBN: 978-81-87171-30-0
आकार: 3.5"x 5.5"
पृष्ठ संख्या: 12

मन करता है चिड़िया बनकर
चीं-चीं चूँ-चूँ शोर मचाऊँ...
आ आ आक छूँ.../ ध्वनियों के साथ-साथ शब्दों का उतार-चढ़ाव छोटे बच्चों को भाषा के कई आयामों से जोड़ेगा। चकमक में प्रकाशित कविताओं का संकलन।

फर फर फर उड़ी पतंग

ISBN: 978-81-87171-19-5
आकार: 3.5"x 5.5"
पृष्ठ संख्या: 12

खेल-गीत

कविता की दुनिया में बाल अभिव्यक्ति का पहला कदम है खेल-गीत। इसमें खेल भी है और गीत भी। यानी गाते हुए खेलना। ये सोच समझकर नहीं बल्कि मज़े-मज़े में यूँ बन जाते हैं और फिर तुरन्त ही सबकी ज़ुबान पर चढ़ जाते हैं।

थोड़ी कल्पना और कुछ वास्तविकता, बन गया खेल-गीत। इनमें कभी तुक होती है और कभी नहीं भी होती। यही तो बच्चों द्वारा रचे गए साहित्य की एक खूबसूरती है। पर इसमें मिठास खूब होती है जो पढ़ने वालों को तुरन्त इनसे जोड़ देती है।

अक्कड़-बक्कड़

संकलनः मनोज साहू 'निडर'

चित्रः प्रीति सलूजा

ISBN: 978-81-87171-64-5

आकारः 8.5"x 5.25"

पृष्ठ संख्याः 48

खेल-गीतों का ज़िक्र आते ही बच्चों के साथ-साथ बड़े भी अपने बचपन में लौट जाते हैं। खेल-गीतों से कोई न कोई घटना ताज़ा हो आती है। इन गीतों को गुनगुनाने का मज़ा ही अलग है।

एक दो दस

संकलनः मनोज साहू 'निडर'

चित्रः बोस्की जैन

ISBN: 978-81-906971-3-2

आकारः 8.5"x 5.25"

पृष्ठ संख्याः 28



बचपन में खेले गए खेल और उनके गीत... भात एकम् भात या गुरुजी नमस्ते पान खाओ सस्ते या फिर अटकन चटकन दही चटाका। पढ़ना शुरू कर रहे बच्चों का भाषा कोश ऐसे गीतों से विस्तार पाता है और कक्षा में सामूहिक गतिविधि के ज़रिए शब्दों से दोस्ती भी जल्द हो जाती है।

बैठ घोड़ा पानी पी

संकलनः मनोज साहू 'निडर'

चित्रः विवेक वर्मा

ISBN: 978-81-87171-83-6

आकारः 7"x 9.5"

पृष्ठ संख्याः 32

बच्चों की कलम से

कुछ कहानियाँ, कुछ कविताएँ। जिन्हें बच्चों ने लिखा है। बच्चों की रचनाओं में झलकता है उनका दृष्टिकोण। आसपास की दुनिया का गहरा अवलोकन। और ऐसी सरलता जो पढ़ने वालों को सहज ही आकर्षित कर ले। बाल साहित्य में बच्चों की रचनाओं को अक्सर बहुत कम स्थान मिलता है। हमारी कोशिश रही है कि बच्चों की रचनात्मकता को माकूल जगह दी जाए क्योंकि बच्चों को केवल कविताएँ और कहानियाँ सुनाना, पढ़ने देना ही पर्याप्त नहीं है। उनकी अभिव्यक्ति को मंच देना भी उतना ही आवश्यक है।

कविताएँ

बच्चों के विचारों में अनगिनत चीज़ें होती हैं। जिन्हें कविता के रूप में इस किताब में समेटा गया है। इनमें बचपन की मौज-मस्ती ही नहीं, गहरी सोच भी झलकती है। चित्र भी बच्चों ने ही बनाए हैं।

हमको फिर छुट्टी

ISBN: 978-81-87171-11-9
आकार: 5.5"x 8.5"
पृष्ठ संख्या: 28



नन्हे कवियों की खास रचनाएँ। इनमें लय और लचक के साथ-साथ व्यापक नज़रिया भी है। कविताओं को नन्हे चितेरों द्वारा बनाए चित्रों ने खूबसूरती दी है।

प्यारा लड्डू

ISBN: 978-81-87171-06-5
आकार: 5.5"x 8.5"
पृष्ठ संख्या: 36

कहानियाँ



अपनी भाषा में बात कहने का मज़ा! बिना किसी घुमाव के घटना का सटीक वर्णन। बच्चों की ताकत यही है। बच्चों की कलम से निकली अलग-अलग तरह की कहानियाँ।

लोमड़ी और जमीन

ISBN: 978-81-87171-07-2

आकार: 5.5”x 8.5”

पृष्ठ संख्या: 48



पहली बार साइकिल चलाने पर मिली चोट की मीठी-सी पीड़ा को कहने की साफगोई और अन्धविश्वास को तोड़ने का अनजाना साहस भी। इन कहानियों को बच्चों ने लिखा और चितेरा है।

आज़ादी की नुक्ती

ISBN: 978-81-87171-12-6

आकार: 5.5”x 8.5”

पृष्ठ संख्या: 48

नाटक... बच्चों के लिए



नजानू लिखना चाहता है कविता, बनाना चाहता है चित्र, बजाना चाहता है साज़... पर वह निकला गणित में उस्ताद। बच्चों के आपसी रिश्तों के ताने-बाने को दर्शाते लोकप्रिय रूसी पात्र नजानू की कहानियों के चार नाट्य रूपान्तर। इतने सहज और सरल कि बच्चे आसानी से मंचन कर सकते हैं।

नजानू के रंग

मूल कहानियाँः निकोलाई नोसोव
नाट्य रूपान्तरः कविता सुरेश
चित्रः धनंजय
ISBN: 978-81-87171-13-3
आकारः 7”x 9.5”
पृष्ठ संख्याः 40

चकमक में प्रकाशित तीन विविधतापूर्ण नाटक जो बच्चों की सोच-समझ को विस्तार देते हैं। तर्क के आधार पर दुनिया को देखने, किताबों से जुड़ने का सन्देश देने वाले इन नाटकों में जीवन भरा हुआ है।

हड्डी और अन्य नाटक

रचनाकारः असगर वजाहत, भारत रत्न भार्गव, सुधाकर प्रभु
आवरणः विवेक
ISBN: 978-81-87171-14-0
आकारः 7”x 9.5”
पृष्ठ संख्याः 48

उर्दू किताबें

बच्चे चाहते हैं कि जो उन्हें पसन्द है, जो उनके खयालों में है और जो उनके ख्वाबों में है, वैसा ही सब कुछ उन किताबों में भी हो जो वो पढ़ते हैं या बड़े उन्हें पढ़कर सुनाते हैं। बच्चों की ऐसी ही ख्वाहिश को हकीकत में ढाला गया है इन चित्रों वाली कहानियों और कविताओं की किताबों में।

चित्रकथाएँ

बारिश का एक दिन

एक दिन एक लड़की घर में सो रही थी। अचानक छत पर भड़-भड़ की आवाज़ हुई तो उसने देखा, हर तरफ पानी ही पानी। घर का सामान पानी के साथ बहा जा रहा था। वो भी बह जाती पर वो हिम्मती थी।

कहानी: जैकी जकनोरे
सम्पादन: रिनचिन
उर्दू तरजुमा: मैमुना जाफ़री
चित्र: कनक
ISBN: 978-81-89976-45-3
आकार: 9"x 7"
पृष्ठ संख्या: 16

इस किताब का मूल हिन्दी संस्करण मुस्कान, भोपाल ने प्रकाशित किया है।
सम्पर्क : www.muskaan.org

मैं भी...

एक सहज, सरल और प्यारी चित्रकथा। नन्हे बतख के बच्चे को मिला छुटकू-सा चूज़ा। दोनों बने दोस्त, ढूँढा उन्होंने मिलकर कुछ-कुछ।

चित्र एवं कहानी:
वी. सुतेयेव
उर्दू तरजुमा:
कहकशाँ अनवर
ISBN: 978-81-87171-90-4
आकार: 9"x 7"
पृष्ठ संख्या: 12

बिल्ली के बच्चे

बिल्ली के तीन बच्चे हैं। एक काला, एक भूरा और एक सफेद। तीनों ही शरारती। वे कभी चूहे के पीछे भागते हैं तो कभी मेंढक के पीछे। कोशिश करते हैं कि बस चूहा या मेंढक पकड़ में आ ही जाए पर हर बार ऐसा कुछ होता है कि उनका रंग बदल जाता है!

चित्र एवं कहानीः वी. सुतेयेव
उर्दू तरजुमाः कहकशाँ अनवर
ISBN: 978-81-89976-69-9
आकारः 9"x 7"
पृष्ठ संख्याः 16

नाव चली

मेंढक को अपनी तैराकी पर गुमान था। पर उसके दोस्त चूज़ा, चूहा, चींटी और गुबरैला तैरना नहीं जानते थे। फिर भी उन्होंने हार नहीं मानी, तरकीब लगाई और बनाई एक अनोखी नाव! और उसमें बैठकर की सैर।

चित्र एवं कहानीः वी. सुतेयेव
उर्दू तरजुमाः मंज़ूर एहतेशाम
ISBN: 978-81-89976-30-9
आकारः 9"x 7"
पृष्ठ संख्याः 12

चूहे को मिली पेंसिल

चूहे को भूख लगी है। वह खाने के लिए कुछ तलाश कर रहा है। उसे मिलती है एक पेंसिल। चूहा उसे कुतरना चाहता है, मगर पेंसिल चाहती है... बचकर भाग निकलना। पढ़िए वह क्या कमाल करती है!

चित्र एवं कहानीः वी. सुतेयेव
उर्दू तरजुमाः मंज़ूर एहतेशाम
ISBN: 978-81-89976-41-5
आकारः 9"x 7"
पृष्ठ संख्याः 12

रूसी और पूसी

रूसी ने एक चित्र बनाया। वह था उसकी दोस्त पूसी के लिए घर। घर में क्या-क्या चाहिए यह सब पूसी बताती जाती है। सब कुछ बनता जाता है। मगर आखिर में पूसी नाराज़ क्यों?

चित्र एवं कहानी: वी. सुतेयेव
उर्दू तरजुमा: कहकशाँ अनवर
ISBN: 978-81-89976-42-2
आकार: 7"x 9"
पृष्ठ संख्या: 12



खिचड़ी...

बिरजू को ससुराल में खिचड़ी का ज़ायका इतना पसन्द आया कि उसने घर जाने के बाद भी खिचड़ी खाने की सोची। पर बिरजू था भुलक्कड़। घर था दूर और बिरजू था आदत से मजबूर। खिचड़ी कभी बनी चिड़ि तो कभी उड़ी। तो क्या बिरजू खिचड़ी खा सका? इस लोककथा को गोण्ड परधान शैली के चित्रों ने बेहद खूबसूरत बना दिया है।

प्रस्तुति: जितेन्द्र कुमार
चित्र: दुर्गाबाई व्याम
उर्दू तरजुमा: कहकशाँ अनवर
ISBN: 978-81-89976-70-5
आकार: 7"x 9.5"
पृष्ठ संख्या: 12

तुमने मेरा अण्डा तो नहीं देखा?

ऊपर वाले कमरे से मुर्गी का अण्डा लुढ़ककर सीढ़ियों से नीचे आने लगा। फिर वो लुढ़कता गया, लुढ़कता गया और लुढ़कता ही गया। उसकी खोज में मुर्गी पीछे-पीछे चलती गई, चलती गई और चलती ही गई। रास्ते में उसे जो भी मिला उससे पूछा, "तुमने मेरा अण्डा तो नहीं देखा?" क्या उसे अण्डा मिला?

उर्दू तरजुमा: कहकशाँ अनवर
चित्र: कनक
ISBN: 978-81-87171-80-5
आकार: 7"x 9.5"
पृष्ठ संख्या: 24

नन्हे चूज़े की दोस्त...

मुर्गी माँ यह देखकर हैरान है कि बिल्ली उसके नन्हे चूज़े के साथ क्या कर रही है, कहीं खा तो नहीं जाएगी? मगर चूज़ा अपनी नई दोस्त के साथ खेलने में मस्त है। एक मज़ेदार कहानी।

रावेन्द्र कुमार 'रवि'
उर्दू तरजुमाः मंज़ूर एहतेशाम
कोलाज एवं सज्जाः कनक
ISBN: 978-81-89976-36-1
आकारः 11"x 8.5"
पृष्ठ संख्याः 20

ओ हरियल पेड़...

पेड़ क्यों सूखा? इसके जवाब की तलाश किसी पहाड़ी नदी के प्रवाह की तरह तेज़ी से मुड़ते-घुमड़ते काली चींटी तक पहुँचती है। पारम्परिक उड़िया लोककथा उर्दू और अँग्रेज़ी भाषा में एक साथ।

चित्रः रानू टाइटस
उर्दू तरजुमाः मंज़ूर एहतेशाम
ISBN: 978-81-89976-39-2
आकारः 9"x 7"
पृष्ठ संख्याः 32



कविताएँ

आपके जापानी हाइकू

हाइकू यानी जापानी शैली की छोटी कविताएँ। दरअसल हाइकू वो सब कुछ हैं जिन्हें आप महसूस करते हैं। ये कोई दृश्य, मौसम की विशेष बात या आसपास के परिवेश की सामान्य घटना भी हो सकती है।

संचयनः तेजी ग्रोवर
उर्दू तरजुमाः
अहसान वारसी 'अतहर'
चित्रः रानू टाइटस
ISBN: 978-81-89976-38-5
आकारः 8.5"x 5.5"
पृष्ठ संख्याः 32



नाना-नानी

मालवी भाषा के शब्दों के साथ बुनी गई एक लम्बी कविता। एक-दूसरे से ऊँचा होने की होड़ में नाना-नानी ने किन-किन चीज़ों का सहारा नहीं लिया। नानी चढ़ी मकान पर तो नाना चढ़े पहाड़। फिर नानी ऐसी जगह चढ़ी कि नाना पा न सके पार। शब्दों की पुनरावृत्ति शब्द भण्डार को समृद्ध बनाने और भाषा से दोस्ती करने में सहायक सिद्ध होगी।

घनश्याम तिवारी
उर्दू तरजुमाः मंज़ूर एहतेशाम
चित्रः धनंजय
ISBN: 978-81-89976-32-3
आकारः 9"x 7"
पृष्ठ संख्याः 12

अक्कड़-बक्कड़

थोड़ी कल्पना और कुछ वास्तविकता - बन गया खेल गीत। इनमें कभी तुक होती है और कभी नहीं भी होती। पर बच्चों द्वारा रचे गए इस साहित्य में खुशबू और मिठास खूब होती है जो पढ़ने वालों को तुरन्त इनसे जोड़ देती है।

संकलनः मनोज साहू 'निडर'
उर्दू तरजुमाः कहकशाँ अनवर
चित्रः प्रीति सलूजा
ISBN: 978-81-87171-44-6
आकारः 8.5"x 5.5"
पृष्ठ संख्याः 48

www.eklavya.in

किताब एक, भाषाएँ अनेक

अपनी ही भाषा में किताब पढ़ने का अपना मज़ा है। इससे भाषा के साथ हमारा रिश्ता मज़बूत होता है और कई अलग-अलग भाषाओं के साहित्य से परिचित होने का मौका मिलता है। इन बातों को ध्यान में रखते हुए एकलव्य ने कुछ चुनिन्दा बाल साहित्य को एकाधिक भाषाओं में प्रकाशित किया है। ऐसा करते हुए हमने मराठी, गुजराती, बांग्ला जैसी मुख्यधारा की भाषाओं के साथ-साथ मध्य प्रदेश के जिन इलाकों में हम काम करते हैं, वहाँ की भाषाओं - मालवी, बुन्देली, गोण्डी, कोरकू - को भी चुना है। इन किताबों की एक झलक यहाँ प्रस्तुत है।

नाव चली

वी. सुतेयेव द्वारा लिखी और चित्रांकित इस सुप्रसिद्ध रूसी चित्रकथा को हिन्दी और अँग्रेज़ी के साथ ही छत्तीसगढ़ी, बांग्ला, बुन्देली, मालवी और मराठी में भी प्रकाशित किया गया है।

डोंगा चलिस (छत्तीसगढ़ी)
अनुवादः छन्नुराम मार्कन्डे

नाव चालली रे (मराठी)
अनुवादः माधव केलकर

नाव चाली (मालवी)
अनुवादः के.आर. शर्मा

नौका चले (बांग्ला)
अनुवादः टुलटुल बिस्वास

चूहे को मिली पेंसिल

चूहा पेंसिल को कुतरना चाहता था... पेंसिल ने कुछ ऐसा किया कि चूहा गायब हो गया। प्यारी-सी कहानी, जो बच्चों को खूब भाती है। वी. सुतेयेव की कहानी और चित्रों से बनी यह चित्रकथा हिन्दी और अँग्रेज़ी के अलावा बुन्देली, मराठी, मालवी, बांग्ला व छत्तीसगढ़ी में भी प्रकाशित की गई है।

उंदराला सापडली पेंसिल (मराठी)
अनुवादः माधव केलकर

चुखरा कों मिली कलम (बुन्देली)
अनुवादः रजनी यादव,
पं. गुणसागर सत्यार्थी

मुसवा ला मिलीस कलम (छत्तीसगढ़ी)
अनुवादः छन्नुराम मार्कन्डे

ऊंदरा के लादी पेम्सिल (मालवी)
अनुवादः के.आर. शर्मा

इन्दूरे पेयेथे पेंसिल (बांग्ला)
अनुवादः टुलटुल बिस्वास

मैं भी...

हर काम अपने दोस्त की तरह करने की सहज बाल-प्रवृत्ति पर आधारित एक प्यारी चित्रकथा।

मी पण (मराठी)
अनुवादः सुधा हर्डीकर

रूसी और पूसी

रूसी ने अपनी बिल्ली पूसी के लिए बनाया एक घर का चित्र। घर की चीज़ों में थी एक खास चीज़ जिसे देख पूसी मचल उठी और...। इस रूसी कहानी को हिन्दी और अँग्रेज़ी में नन्हे पाठकों ने खूब सराहा है। अब यह चित्रकथा मराठी में भी प्रकाशित की गई है।

रूसी आणि पूसी (मराठी)
अनुवादः सुधा हर्डीकर

एकलव्य के सहयोग से ये चारों रूसी किताबों के गुजराती संस्करण आर्च ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित किए गए हैं।
सम्पर्कः arch.dharampur@gmail.com

बेटी करे सवाल (तेलुगु)

अनु गुप्ता, कैरन हेडॉक

एक लड़की जब किशोरावस्था में होती है तब उसे दोहरे द्वन्द्व का सामना करना पड़ता है। एक तो उसके शरीर में होने वाले बदलाव और दूसरा परिवार के सदस्यों या समाज द्वारा उसके साथ किए जाने वाला बदला हुआ व्यवहार। उसके मन में ढेरों प्रश्न होते हैं जिनके जवाब उसे अधिकांशतः नहीं मिलते। देवास ज़िले में एकलव्य के किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के अनुभवों से विकसित हुई है यह किताब ऐसे बहुत-से सवालों के उत्तर तलाशने में किशोरी के मन को बल देती है। स्वास्थ्य और सामाजिक परिवेश के हर पहलू पर इसमें चर्चा की गई है।

मूलतः हिन्दी में विकसित व प्रकाशित इस किताब को मांची पुस्तकम ने तेलुगु में प्रकाशित किया है। सम्पर्क: www.manchipustakam.in





बीज बोया और जूँ और टू

क्वेस्ट द्वारा विकसित दो चित्रकथाएँ जिनमें भाषा की मौज भी है और सरल-से कथानक का रस भी। इन्हें एकलव्य द्वारा हिन्दी, अँग्रेज़ी, मराठी तथा गुजराती में प्रकाशित किया गया है।

ऊ टूची गोष्ट (मराठी)
ISBN: 978-93-81300-04-6

जूँ अणे टू (गुजराती)
ISBN: 978-93-81300-07-7

बी लावलं (मराठी-अँग्रेज़ी)
ISBN: 978-93-81300-01-5

बी वाव्युं (गुजराती-अँग्रेज़ी)
ISBN: 978-93-81300-06-0

करना और सीखना

दरअसल करना ही तो सीखना है। और इसी से प्रेरित इन किताबों की दुनिया में ना तो कुछ कबाड़ है और ना कोई बेकाम की चीज़। हर उम्र और रुचि के पाठकों के लिए कुछ गढ़ने, बनाने, तोड़ने-मरोड़ने और बहुत सीखने को है यहाँ। इन किताबों के ज़रिए उनकी कल्पनाशीलता का विस्तार होगा और वे पहुँच जाएँगे विज्ञान और कला की सक्रिय दुनिया में।

नैतिक शिक्षा के नाम पर बच्चों को 'यह करो ', 'यह न करो' जैसे सबक सिखाने के बदले यह किताब बच्चों के विवेक और समझ पर विश्वास रखती है और उचित-अनुचित का निर्णय स्वयं करने की स्वतंत्रता देते हुए उनके समाजीकरण की प्रक्रिया को सहज बनाती है।

पास या नापास

वर्षा सहस्रबुद्धे

अनुवादः शारदा बर्वे

चित्रः माधुरी पुरन्दरे

ISBN: 978-81-87171-22-5

आकारः 5.5"x 8.5"

पृष्ठ संख्याः 24

ध्यान लगाकर सुनना ही असल में सुनना होता है। अपने आसपास अनगिनत ऐसी आवाज़ें होती हैं जो शोर में गुम हो जाने या हमारे अन्यमनस्क होने की वजह से हम सुन नहीं पाते। प्रकृति और परिवेश में गूँजती ऐसी ही अनसुनी-सी आवाज़ों को सुनने का अभ्यास कराती है यह किताब।

टिपिक.. पाँ.. भर्र..

वर्षा सहस्रबुद्धे

अनुवादः शारदा बर्वे

चित्रः माधुरी पुरन्दरे

ISBN: 978-81-87171-24-9

आकारः 5.5"x 8.5"

पृष्ठ संख्याः 24

जिन बच्चों ने हाल ही में पढ़ना सीखा है, उनके लिए यह किताब एक रोचक उपहार है। सादे-सरल शब्दों और मनमोहक चित्रों के ज़रिए यह कहानी बच्चों को अपने आसपास की दुनिया में खोजबीन करने के लिए प्रेरित करती है। अपनी खोज की प्रदर्शनी लगाना एक अभिनव विचार है। यह सीखने के नए तरीकों के द्वार भी खोलती है।

अनोखी प्रदर्शनी

वर्षा सहस्त्रबुद्धे
अनुवादः शारदा बर्वे
चित्रः माधुरी पुरन्दरे
ISBN: 978-81-87171-23-2
आकारः 5.5"x 8.5"
पृष्ठ संख्याः 24

गुब्बारा बच्चों के लिए एक मज़ेदार खिलौना है। उसमें हवा भरना और फिर निकाल देना, हवा भरकर आसमान में उछाल देना... कितनी ही तरह से बच्चे गुब्बारों के रोचक व्यवहार का आनन्द लूटते हैं। यह किताब उन्हें गुब्बारों के और नज़दीक ले जाती है, गुब्बारों के साथ खेलने और उस खेल के परिणामों को ध्यान से देखने के लिए प्रेरित करती है।

गुब्बारे

वर्षा सहस्त्रबुद्धे
अनुवादः शारदा बर्वे
चित्रः माधुरी पुरन्दरे
ISBN: 978-81-87171-21-8
आकारः 5.5"x 8.5"
पृष्ठ संख्याः 24

अपने आसपास की दुनिया को किसी मकसद से ध्यानपूर्वक देखना एक रोचक अनुभव होता है। इस किताब में बच्चे पत्तों को देखते हैं। यह देखना अनेक अर्थ लिए हुए है। पत्तों को उनकी रचना, रंग और स्पर्श के आधार पर बाँटना-देखना-परखना और फिर उन्हें अपनी कल्पना के आयामों से सजाकर कागज़ पर चित्रित करना... काफी कुछ सिखाता है।

पत्ते ही पत्ते

वर्षा सहस्त्रबुद्धे
अनुवादः शारदा बर्वे
चित्रः माधुरी पुरन्दरे
ISBN: 978-81-87171-25-6
आकारः 5.5"x 8.5"
पृष्ठ संख्याः 24



कागज़ से तरह-तरह की आकृतियाँ बनाना बहुत से बच्चों का प्रिय शगल होता है। यह किताब कागज़ के ग्लाइडर, हैलीकॉप्टर और उड़ती चिड़िया बनाना तो सिखाती है ही, साथ में टोपीशंकर की मज़ेदार कहानी के ज़रिए अनेक आकार-प्रकार की टोपियाँ भी बनवाती है। बच्चों और बच्चों के साथ काम करने वालों के लिए एक उपयोगी सौगात। यह किताब द्विभाषी (हिन्दी-अँग्रेज़ी) है।

***खिलौनों का खज़ाना* /**
Toy Treasures
अरविन्द गुप्ता
चित्र एवं सज्जाः अविनाश देशपाण्डे
ISBN: 978-81-87171-37-9
आकारः 5.5"x 10.5"
पृष्ठ संख्याः 68

अपने हाथों से कुछ बनाना और करके देखना... यह खेल भी हो सकता है और विज्ञान की गतिविधि भी। इस किताब में विज्ञान के अनेक ऐसे प्रयोग हैं, जो कबाड़ की चीज़ों से किए जा सकते हैं। यह द्विभाषी (हिन्दी-अँग्रेज़ी) किताब बताती है कि कैसे साधारण चीज़ों को शिक्षण सामग्री के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

***कबाड़ से जुगाड़* / Little Science**
अरविन्द गुप्ता
चित्र एवं सज्जाः अविनाश देशपाण्डे
ISBN: 978-81-87171-03-4
आकारः 5.5"x 10.5"
पृष्ठ संख्याः 68

इस द्विभाषी (हिन्दी-अँग्रेज़ी) किताब में भौतिकी, ज्यामिति आदि के कुछ मूलभूत सिद्धान्तों को सहज-सरल तरीके से समझाते हुए रोचक प्रयोग बताए गए हैं। प्रयोग भी ऐसे जो बच्चों को खेल की तरह हल्के लगें। 8-9 साल से बड़े बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों और अभिभावकों के लिए भी उपयोगी किताब।

***खिलौनों का बस्ता* /**
The Toy Bag
अरविन्द गुप्ता
चित्र एवं सज्जाः अविनाश देशपाण्डे
ISBN: 978-81-87171-04-1
आकारः 5.5"x 10.5"
पृष्ठ संख्याः 68

सूक्ष्मदर्शी का नाम आते ही बच्चे और बड़े, सभी के मन में जिज्ञासा जाग उठती है। फूलों-पत्तियों, कीड़ों-मकोड़ों आदि के सूक्ष्म अंगों-अवयवों को देखने की चाहत होती है। मगर एक तो सूक्ष्मदर्शी महँगे होते हैं और दूसरे ये प्रयोगशालाओं में सम्हालकर अलग रखे होते हैं। उन तक हमेशा और हर किसी की पहुँच नहीं होती। ऐसे में अगर कोई हमें अपना ही सस्ता, सुन्दर, टिकाऊ सूक्ष्मदर्शी बनाने के तरीके बताए तो कितना अच्छा! यह किताब इसी हसरत को पूरा करती है।

अपना जुगाड़ी सूक्ष्मदर्शी

बद्रीप्रसाद मैथिल

सहयोगः फूलवन्ती मैथिल

चित्रः आशीष नागरकर

एवं विवेक वर्मा

ISBN: 978-81-87171-51-5

आकारः 7"x 9.25"

पृष्ठ संख्याः 64

लिखना और पढ़ना सीखने से पहले बच्चे चित्र बनाने लगते हैं। कुछ अधूरी आकृतियों और नमूनों की सहायता से यह किताब चित्र बनाने के लिए प्रेरित करती है, साथ ही बच्चों की कल्पनाशीलता को मुक्त गगन में विचरण करने का अवकाश भी देती है। सभी उम्र के बच्चों के लिए एक मूल्यवान उपहार।

***चलो चित्र बनाएँ* / Let's Draw**

कैरन हेडॉक

ISBN: 978-81-87171-44-7

आकारः 8.5"x 11"

पृष्ठ संख्याः 24

माचिस की तीलियों से विभिन्न ज्यामितीय आकृतियाँ, प्लास्टिक के बटनों से घिरनी, पुरानी शीशियों से रेत घड़ी। घरों में आसानी से मिल जाने वाली वस्तुओं की सहायता से बच्चे कितने ही मॉडल बना सकते है। ये मॉडल केवल प्रदर्शन के लिए नहीं हैं, बल्कि रुचिकर खिलौने भी हैं। विज्ञान के सिद्धान्तों को समझने के रास्ते में एक मददगार हमसफर।

खेल खेल में

अरविन्द गुप्ता

चित्र एवं सज्जाः अविनाश देशपाण्डे

ISBN: 978-81-87171-15-7

आकारः 9.25"x 6.5"

पृष्ठ संख्याः 48

यह किताब तीन दशकों से भी ज़्यादा समय से बच्चों और प्रयोगधर्मी शिक्षकों, अभिभावकों की साथी रही है। इसमें 100 से भी अधिक नमूने हैं जो रोचक और उपयोगी चीज़ें बनाना सिखाते हैं। छपाई और बुनाई के नमूने, पतंगें, कागज़ के मोती, और भी कुछ-कुछ। और बताने का तरीका इतना सहज कि इन्हें बनाने के साथ ही कल्पना की उड़ान भरकर कई और चीज़ें बनाने का मन करने लगता है।

कुछ-कुछ बनाना

ऍन सायर वाइज़मैन
अनुवादः अरविन्द गुप्ता
ISBN: 978-81-87171-68-3
आकारः 7.25"x 9.5"
पृष्ठ संख्याः 148



This book shows a way to use various used material to make toys, science models and decorative items. Activity is not just about making 'working models', it means doing something innovative, learning, joy & sagacity in itself. Useful for inquisitive kids and innovative adults.

Aha! Activities

Arvind Gupta
Illustration & Layout:
Monil Dalal
ISBN: 987-81-87171-88-1
Dimensions: 8.25"x 11"
Pages: 120

घर में या आसपास आसानी से मिल जाने वाली चीज़ों से मज़ेदार खिलौने बनाना बताना इस किताब की विशेषता है। खिलौने भी ऐसे जो टूटें-फूटें तो गम नहीं। बच्चे इन्हें बार-बार बनाना चाहेंगे। सुस्पष्ट निर्देश एवं चित्र। सभी के लिए उपयोगी किताब।

खेल खिलौने

संयोजन एवं सम्पादनः
कविता सुरेश, अनिल सौमित्र
लेआउट एवं डिज़ाइनः
जया विवेक
आवरणः किशोर उमरेकर
ISBN: 978-81-87171-08-9
आकारः 7"x 9.25"
पृष्ठ संख्याः 48

हमेशा से पसन्द की जाने वाली कहानियाँ कौन-सी? पंचतंत्र की, यही कहेंगे आप। इन कहानियों को गतिविधि की शक्ल में पेश किया गया है इस किताब में। कहानी पढ़ने का लुत्फ तो है ही साथ ही चित्र में छुपे पात्रों को सामने लाने की दिमागी कसरत भी है।

छुपन-छुपाई

जगदीश जोशी
ISBN: 978-81-89976-98-9
आकारः 7"x 9.25"
पृष्ठ संख्याः 48

माथापच्ची

हैरत में डाल देने वाले सवाल और पहेलियाँ सभी का मन लुभाती हैं। इन किताबों में इसी तरह की अनेक चीज़े हैं जो दिमाग की धार तेज़ करती हैं और नटखट चुनौतियों से जुझने का अभ्यास कराती हैं। बच्चों से लेकर 60-70 पार बड़ों तक, सभी तरह के पाठकों ने इन किताबों को खूब पसन्द किया है।

माचिस की 9 तीलियों से 4 त्रिभुज बनाइए - चकरा गए ना? इसे करके देखें, ज़्यादा मुश्किल नहीं है। ऐसी ही कुछ और पहेलियाँ इस किताब में हैं, खुद हल करें और अपने दोस्तों से भी करवाएँ।

माचिस की तीलियों के रोचक खेल

ISBN: 978-81-87171-01-0
आकार: 5.5”x 8.5”
पृष्ठ संख्या: 16



अनेक अखबारों और पत्रिकाओं में वर्ग पहेली का एक निश्चित स्थान होता है। उन्हें हल करने में बच्चे-बड़े सबकी रुचि होती है। ऐसी अनेक वर्ग पहेलियों के साथ-साथ यह किताब उनके प्रकार और रचना के विषय में भी परिचय देती है। इसे पढ़कर आप नई वर्ग पहेलियाँ बना सकेंगे।

वर्ग पहेली

ISBN: 978-81-87171-31-7
आकार: 5.5”x 8.5”
पृष्ठ संख्या: 32

इस शृंखला की पाँच किताबें (माचिस की तीलियों के रोचक खेल, वर्ग पहेली, माथापच्ची, भूलभूलैयाँ और नज़र का फेर) की 2,00,000 से ज़्यादा प्रतियाँ बिक चुकी हैं।

बूझो बूझो बूझो! मगज लगाकर जूझो!!... ये पहेलियाँ भी हैं और कविताएँ भी। पंक्तियाँ इतनी सरल-सरस कि गुनगुनाने में मज़ा आएगा। ये काव्य-पहेलियाँ अनूठे अन्दाज़ में अनेक पशु-पक्षियों का परिचय भी कराती चलती हैं। चौथी-पाँचवीं के बच्चों से बड़ों तक - सभी इनका मज़ा ले पाएँगे।

बूझो-बूझो

रामवचन सिंह 'आनन्द'

चित्रः सुभाष व्याम

ISBN: 978-81-87171-29-4

आकारः 5.5"x 8.5"

पृष्ठ संख्याः 24

बात-बात में दूसरों को चक्कर में डालने का मज़ा ही कुछ और है। टेढ़े सवालों से खुद माथापच्ची करना और दूसरों से करवाना मज़ेदार होता है। उम्र के सवाल, संख्याओं के सवाल, आकृति और हिसाब के सवाल... हैरान करने वाले सवालों के सीधे-से जवाब!

माथापच्ची

चित्रः शिवेन्द्र पाण्डिया

ISBN: 978-81-87171-34-0

आकारः 5.5"x 8.5"

पृष्ठ संख्याः 16

कागज़ पर बने आड़े-तिरछे, सँकरे से रास्तों में से पेंसिल चलाते हुए मंज़िल तक पहुँचना एक रोचक अनुभव होता है - यह खेल है भूलभुलैयाँ का। इस किताब में अनेक तरह की चुनौतियाँ हैं, कुछ आसान, कुछ मुश्किल।

भूलभुलैयाँ

ISBN: 978-81-87171-39-3

आकारः 5.5"x 8.5"

पृष्ठ संख्याः 16

दर्पण एक उपयोगी वस्तु है, खिलौना है और विज्ञान के प्रयोग करने का उपकरण भी। यह किताब दर्पण से खेलने के कुछ नए तरीके सुझाती है और सममिति की अवधारणा से परिचय कराती है। रेखाओं, आकारों, आकृतियों, नमूनों को दर्पण की सहायता से अलग-अलग कोण से देखना... यह देखना ही नए आकारों, आकृतियों और नमूनों का निर्माण भी करता है।

दर्पण से बूझो

ISBN: 978-81-87171-43-0
आकार: 5.5"x 8.5"
पृष्ठ संख्या: 16

इन कविता-पहेलियों में अंकगणित के सवाल हैं... खुद बूझना है और दोस्तों से पूछना है। आसानी से याद हो जाने वाली सरल और मज़ेदार पहेलियाँ... जो आपका मन बहलाएँगी और दिमाग सहलाएँगी।

मनगणित

गोपीचन्द श्रीनागर
चित्र: दुर्गाबाई

ISBN: 978-81-87171-53-9
आकार: 5.5"x 8.5"
पृष्ठ संख्या: 20

आँखें हमेशा सही देखती हैं, है ना? इस यकीन को चुनौती देती यह किताब हमें अनेक दृष्टिभ्रमों से रूबरू कराती है। चक्कर में डालने वाले चित्र! ज्ञान के चक्षु को खोलने वाली एक रोमांचक किताब!

नज़र का फेर

ISBN: 978-81-87171-58-4
आकार: 5.5"x 8.5"
पृष्ठ संख्या: 20

